2019

HINDI

(Modern Indian Language)

(Hindi Nibandha Sahitya)

Full Marks : 80

Time : 3 hours

The figures in the margin indicate full marks for the questions

1. पूर्ण वाक्य में उत्तर दीजिए : 1×10=10

(क) 'मेले का ऊँट' निबंध किस पत्रिका में प्रकाशित हुआ था?

(ख) बालकृष्ण भट्ट किस युग के निबंधकार हैं?

(ग) महावीर प्रसाद द्विवेदी द्वारा रचित पठित निबंध का शीर्षक क्या है?

(घ) मनुष्य की सहज प्रवृत्ति क्या है?

(ङ) 'साहित्य' निबंध के निबंधकार कौन हैं?

(च) बाबू गुलाबराय के निबंधों की किसी एक विशेषता का उल्लेख कीजिए।

(छ) किसका ज्वर सबसे भयानक होता है?

(ज) 'इंडियान इंडिपेंडेंस—इट्स इमीडिएट नीड' किसकी रचना है?

(झ) नाखून का बढ़ना किसका प्रतीक है?

(ञ) "यह भेंट तुम्हारे जन्म-दिवस के लिए है।" इसमें किसके जन्म-दिवस के बारे में कहा गया है?

2. निम्नलिखित प्रश्नों के अति संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 2×5=10

(क) प्राचीन काल में प्रजा राजा को कर कैसे देती थी?

(ख) मित्र के कर्तव्य के बारे में क्या-क्या बताया गया है?

(ग) "मनुष्य को सुख कैसे मिलेगा?" 'नाखून क्यों बढ़ता है' पाठ के आधार पर उत्तर दीजिए।

(घ) गुलाबराय ईश्वर के प्रति अनुगृहीत क्यों हैं?

(ङ) दीनबंधु एण्डूज के व्यक्तित्व की कोई दो विशेषताएँ लिखिए।

3. निम्नलिखित में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 5×4=20

(क) दृढ़ मन का दूसरे के ऊपर कैसा असर होता है?

(ख) ऊँट ने मारवाड़ी बाबुओं से क्या कहा?

(ग) पठित पाठ के आधार पर दीनबंधु एण्डूज की दिनचर्या का परिचय दीजिए।

(घ) 'साहित्य' का व्यापक अर्थ क्या है, स्पष्ट कीजिए।

(ङ) वासुदेवशरण अग्रवाल के निबंध साहित्य की विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

4. सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 10×2=20

(क) ईश्वर की देन से स्वभावतः प्राप्त गुणों की अपेक्षा चाहे असकृत् चेष्टा और अभ्यास द्वारा प्राप्त गुणों में वैसा तीखापन न हो, पर विचार की गंभीरता इस प्रकार के गुण में अवश्य विशेष होगी, और यह लाभ किससे कम है।

अथवा

सच्ची मित्रता में उत्तम से उत्तम वैद्य की-सी निपुणता और परख होती है, अच्छी से अच्छी माता का-सा धैर्य और कोमलता होती है। ऐसे ही मित्रता करने का प्रयत्न प्रत्येक पुरुष को करना चाहिए।

(ख) उसी का अमर संदेश हमें पराधीनता की कड़ियाँ तोड़ने के लिए उद्बुद्ध और कटिबद्ध करता है। उसी की उपासना से उत्पीड़ित देश का उद्धार होता है।

अथवा

वह 'स्व' के बंधन को आसानी से नहीं छोड़ सकता। अपने आप पर अपने आप के द्वारा लगाया हुआ बंधन हमारी संस्कृति की बड़ी भारी विशेषता है।

5. 'मेले का ऊँट' निबंध में निहित व्यंग्य को स्पष्ट कीजिए। 10

अथवा

"'आत्म-विश्लेषण' पाठ में आत्मपरक अभिव्यक्ति प्रमुख विशेषता रही है।" पाठ के आधार पर कथन की पुष्टि कीजिए।

6. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर निबंध लिखिए : 10

(क) भूमंडलीकरण और हमारी भाषा-संस्कृति

(ख) साहित्य और समाज

(ग) स्त्री-शिक्षा और उसकी आवश्यकता

(घ) अपना प्रिय कवि

★★★